Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 03-11-2021 | अंक 45

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941

बरही | चौपारण | बरकट्ठा | कोडरमा | इचाक | चंदवारा | गिरिडीह | चतरा | हजारीबाग | पदमा/चलकुशा | राज्य/देश

Website- www.apemlive.com | सच का साथी | Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### सूचना

**दीपावली के अवसर पर अपेम लाइव न्यूज का कार्यालय दिनांक 04.11.2021 को बंद रहेगा। इसलिए अपेम लाइव न्यूज का संध्या प्रकाशन चार नवंबर को नही होगा। अगला अंक पांच नंवबर को प्रकाशित होगा।**

**प्रबंधक**

**अपेम लाइव परिवार की ओर से दीपावली के अवसर पर आप सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं।।**

### पत्रकार सुजीत प्रधान को मिली अपेम लाइव में विज्ञापन सह प्रभारी की जिम्मेदारी



सुजीत प्रधान

बरही के पत्रकार सुजीत प्रधान को अपेम लाइव न्यूज डिजीटल न्यूज पेपर के लिए विज्ञापन सह प्रभारी का दायित्व दिया गया है। अपेम लाइव न्यूज के पाठकों एवं शुभचिंतकों से आग्रह एवं अपील किया जाता है कि यदि आप अपना या अपना प्रतिष्ठान का विज्ञापन अपेम लाइव न्यूज में प्रकाशित कराना चाहते हैं तो आप सुजीत प्रधान मोबाइल नंबर 7903608976 पर संपर्क कर सकते हैं। विज्ञापन सह प्रभारी की जिम्मेवारी आज तिथि 02.11.2021 से प्रभावी हैं। यह जिम्मेवरी अगले एक साल तक के लिए दी गई है।

आदेशानुसार
प्रबंधक
लाइव न्यूज, बरही



दिनेश कुमार

**दीपावली,छठ पूजा के अवसर पर बेंदगी पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी दिनेश साव की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं**

**बेंदगी पंचायत का मुखिया नही सेवक चुनिए ।**

# दीपावली विशेषः भगवान श्रीराम, सीता एवं लक्ष्मण के 14 वर्ष का वनवास खत्म कर अयोध्या लौटने की खुशी में मनाई जाती है दीपावली

**अपेम लाइव : बरही**



अपना देश भारत त्योहारों का देश है। क्योंकि यहां कई प्रकार के त्योहार पूरे साल ही आते रहते है । लेकिन दीपावली सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। यह त्योहार पांच दिनों तक चलने वाला सबसे बड़ा पर्व होता है। इस त्योहार का बच्चों और बड़ों को पूरे साल इंतजार रहता है। कई दिनों पहले से ही इस उत्सव को मनाने की तैयारियां शुरू हो जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीराम, माता सीता और भ्राता लक्ष्मण चौदह वर्ष का वनवास पूरा करके अपने घर अयोध्या लौटे थे। इतने सालों बाद घर लौटने की खुशी में सभी अयोध्या वासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से दीपों का त्योहार दीपावली मनाया जाने लगा। यह त्योहार कार्तिक मास की अमावस्या के दिन मनाया जाता है। अमावस्या की अंधेरी रात जगमग असंख्य दीपों से जगमगाने लगती है। यह त्योहार लगभग सभी धर्म के लोग मनाते हैं। इस त्योहार के आने के कई दिन पहले से ही घरों की लिपाई-पुताई, सजावट प्रारंभ हो जाती है। इन दिन पहनने के लिए नए कपड़े बनवाए जाते हैं, मिठाइयां बनाई जाती हैं। इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है । इसलिए उनके आगमन और स्वागत के लिए घरों को सजाया जाता है।

यह त्योहार पांच दिनों तक मनाया जाता है। धनतेरस से भाई दूज तक यह त्योहार चलता है। धनतेरस के दिन व्यापार अपने नए बही खाते बनाते हैं। अगले दिन नरक चौदस के दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान करना अच्छा माना जाता है। अमावस्या यानी कि दिवाली का मुख्य दिन, इस दिन लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। खीर-बताशे का प्रसाद चढ़ाया जाता है। नए कपड़े पहने जाते हैं। फुलझड़ी, पटाखे छोड़े जाते हैं। दुकानों, बाजारों और घरों की सजावट दर्शनीय रहती है। अगला दिन परस्पर भेंट का दिन होता है। एक-दूसरे के गले लगकर दीपावली की शुभकामनाएं दी जाती हैं। लोग छोटे-बड़े, अमीर-गरीब का भेद भूलकर आपस में मिल-जुलकर यह त्योहार मनाते हैं। दीपावली का त्योहार सभी के जीवन को खुशी प्रदान करता है। नया जीवन जीने का उत्साह प्रदान करता है। कुछ लोग इस दिन जुआ खेलते हैं, जो घर व समाज के लिए बड़ी बुरी बात है। हमें इस बुराई से बचना चाहिए। इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि हमारे किसी भी कार्य एवं व्यवहार से किसी को भी दुख न पहुंचे, तभी दीपावली का त्योहार मनाना सार्थक होगा। पटाखे सावधानीपूर्वक छोड़ने चाहिए, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। दीपावली के अवसर पर लोग मिट्टी के दीए जलाते है। साफ सफाई कर खुशियां मनाते हैं।

## बरही पश्चिमी पंचायत से मुखिया पद के लिए राहुल कुमार राणा उर्फ दिलीप राणा ने पेश की दावेदारी, मांगा जन समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**



**राहुल राणा उर्फ दिलीप राणा**

बरही पश्चिमी पंचायत के युवा समाजसेवी राहुल कुमार राणा उर्फ दिलीप राणा ने मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश कर दी है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज तक हमारे पंचायत की जनता अपनी मुलभुत सुविधाओं से वंचित है। आज तक हमारे पंचायत में सही तरीके से विकास का काम नही हुआ है। सिर्फ विकास के नाम पर लूट हुआ है। उन्होंने अपने पंचायत वासीयों से अपील किया कि एक बार मुझे सहयोग करे, और अपना समर्थन दे। बरही पश्चिमी पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने में कोई कोर कसर नही छोंडेंगें। उन्होने कहा आज भी बरही पश्चिमी पंचायत में गरीबों को आवास नही मिला है। आज भी कई ऐसे लोग हैं। जिनका राशन कार्ड नही बन पाया है। आज भी कई बुजुर्ग, विधवा पेंशन से वंचित हैं यदि पंचायत की जनता मुझे अपना आशीर्वाद देती है तो निश्चित ही बरही पश्चिमी पंचायत का विकास करूंगा। लगभग 10 सालों से बंद पडा पेयजल आपूर्ति को हर संभव चालू कराने का प्रयास करूंगा। उन्होने कहा कि पंचायत की जनता एक बार भरोसा करें, भरोसा टूटने नही दूंगा।

## सूरजपुरा पैक्स के अध्यक्ष बने बद्री प्रसाद मेहता

**अपेम लाइवः पदमा**



पदमा प्रखंड अंतर्गत सूरजपुरा पैक्स चुनाव में बद्री प्रसाद मेहता ने 7 वोट से उपेंद्र प्रसाद मेहता को हराकर सूरजपुरा पैक्स के अध्यक्ष निर्वाचित हो गए। साथ ही बद्री प्रसाद के पैक्स अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देने के लिए लोगों का तांता लग गया है। सूरजपुरा पैक्स के निर्वाचित अध्यक्ष बद्री प्रसाद मेहता ने कहा कि लोगो को उत्तम गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होगी। किसानों को लाभ पहुंचाना उनका उदेश्य रहेगा।




डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोन पंडित | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय पटना रोड बरही में में मनाया गया दीपोत्सव

**अपेम लाइवः बरही**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय पटना रोड बरही में दीपावली पर्व मनाया गया ।सेन्टर की संचालिका बी.के रीना बहन ने दीपावली पर्व की शुभभावना शुभकामनाएं सभी ब्रह्मावत्सो को दी। इस अवसर पर रीना बहन ने कहा कि दीपावली त्योहार के दिन दीया में घृत डाल कर दीया जलाकर धन की लक्ष्मी की आह्वान किया जाता है। उसी तरह आत्मा का को परमात्मा से ज्ञान का घृत डाल कर आत्मा को परमात्मा से दीया जलाना है यानि जोडना है। यही सच्चा – सच्चा दीपावली मनाना है ।अभी इस समय स्त्री – पुरूष एक साथ अध्यात्मिक परमात्मा की पढ़ाई पढ कर मनुष्य से देवता लक्ष्मी नारायण बनने का लक्षय सतयुगी सृष्टि की स्थापना होती है रामराज्य। एक धर्म, एक राज्य, एक भाषा, एक कुल, एक मत धार्मिक वा राजनीतिक सत्ता एक के हाथ में होती है। खुशी ही खुशी होती है। सेन्टर में आए सभी भाई–बहनें खुशी से झुम–झुम कर दीया जलाए। मौके पर बहनें ज्योति, बहन मंजू बहन, राखी बहन, सबिता माता, सुनिता माता, रीना माता, कामिनी माता,सहदेव भाई, राम भाई आदि लोग मौजूद रहे।



दीपोत्सव मानते प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेजुड़े लोग

## कोनार डैम में 12 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

राज्य सरकार द्वारा अनुदानित मत्स्य वितरण योजना के तहत प्रखंड के कोनार डैम में 12 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन किया गया। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने जमनीजारा कोनार डैम में मछली का जीरा छोड़कर इसकी शुरूआत की। मछली का जीरा जमुनियां डैम की हैचरी में तैयार की गई है। योजना के तहत मत्स्य पालन करने वाले किसानों को समृद्ध किए जाने की पहल की जा रही है। जमुनियां डैम की हैचरी में कुसुंभा, गोविंदपुर, चेडरा, बकसपुरा, नागी के मत्स्य कृषकों को 90 फीसदी सब्सिडी पर मत्स्य स्पर्म उपलब्ध कराकर मछली का जीरा तैयार किया गया। इस योजना में दो दर्जन मत्स्य कृषक शामिल थे। कोनार डैम में कतला, ग्रास कार्प समेत अन्य कई तरह का मछली जीरा डाला गया। मौके पर विधायक ने कहा कि मत्स्य बीज का संचयन से जलाशय में मत्स्य उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। जिससे मत्स्य कृषकों की आय में वृद्धि होगी। कृषक आत्मनिर्भर होंगे। प्रधानमंत्री भी किसानों की आय को दोग.ुनी करने के प्रयास में योजनाएं संचालित कर रहे हैं। मौके पर बीडीओ संजय कुमार कोंगारी जोधन प्रसाद, किशोर कुमार मंडल, हीरामन पटेल, जिप कार्यकारी सदस्य मिथिला पटेल समेत मत्स्य विभाग के रजनी गुप्ता, मत्स्य प्रसार पदा. धिकारी, मत्स्य प्रखंड पर्यवेक्षक राजकुमार तुरी समेत मत्स्यजीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष व सचिव मौजूद थे।


कोनार डैम में मछली का जीरा छोड़ते विधायक जेपी पटेल

APEM EDUCATION FORUM
अपेम शिक्षा मंच

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

## अंचल कार्यालय में अमीन की हुई पोस्टिंग

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा अंचल कार्यालय में अंचल अमीन के रूप में अजमल अंसारी ने योगदान दिया ज्ञात हो अमीन अजमल अंसारी की नियुक्ति अपर समा. हर्ता हजारीबाग के निर्देश पर हुई है इसके पूर्व अंचल क्षेत्र में अमीन के नही रहने से मापी कार्य प्रभावित था ।अब इनकी नियुक्ति से भूमापी की समस्या से निजात मिलेगी साथ ही भूमि विवाद को समाप्त करने में सहूलियत होगी । मो अजमल अंसारी ने कहा कि हम अपनी दायित्व का निर्वहन इमानदारी पूर्वक करेंगे।


अजमल अंसारी




अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें
9122222016 , 9550809864 , 9431129570

**अपेम लाइव न्यूज**
**संध्या दैनिक अखबार के लिए प्रखंड स्तर पर संवाद सूत्र (पत्रकार) की जरूरत**

यदि आपमें अपने समाज के दबे कुचले, अभिवंचित वर्ग के लिए कुछ करने की जूनून है, यदि आप भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना चाहते हैं। यदि आप निःस्वार्थ भाव से पत्रकारिता करने को इच्छुक हों तो आप अपेम लाइव न्यूज संध्या दैनिक अखबार से जुड सकते हैं।

**जिला : हजारीबाग**
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है– ईचाक, चरही, बडकागांव, कटकमसांडी, हजारीबाग सदर, कट. कमदाग, पदमा, दारू, विजैया, चलकुसा

**जिला : चतरा**
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है– ईटखोरी, टंडवा, चतरा सदर, कन्हाचट्टी, प्रतापपुर, सिमरिया, मयूरहंड, हंटरगंज, लावालौंग,गिद्धौर,

**जिला : कोडरमा**
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है– कोडरमा सदर, जयनगर, मरकच्चों, डोमचांच, सतगांवा

योग्यताः स्नातक , स्मार्ट मोबाइल हो, कंप्यूटर की जानकारी हो

संपर्क सूत्रः 9550809864 , 9431129570 , 9934337941
Email: liveapem@gmail.com ( for Resume)

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सुमित चंद्रवंशी की मनाई गई तीसरी पुण्यतिथि

**अपेम लाइवः चौपारण**

स्पार्क एकैडमी सभागार में भाजपा नेता अविनाश आर्या चंद्रवंशी के भांजे सुमित चंद्रवंशी की तीसरी पुण्य तिथि मनाई गई। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी । गौरतलब हो कि 3 नवंबर 2018 ग्राम ककरोला, थाना चौपारण में सुमित चंद्रवंशी की हत्या कर दी गई थी। हत्या में शामिल सभी अपराधियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। हत्या में शामिल ककरोला के ही सुधीर यादव, मुंशी यादव, रामप्रवेश यादव, चेतनी देवी, प्रतिमा देवी, उषा देवी और छोटू उर्फ ऋषभ यादव शामिल थे। सभी अपराधियो को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। आज सुमित की हत्या के 3 वर्ष हो चुके हैं। श्रद्धांजलि और शोक सभा का आयोजन रखा गया था। श्रधांजलि सभा मे चंद्रवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग वर्मा, भाजपा नेता आशीष गुप्ता, भाजयुमो कोषाध्यक्ष अश्वनी पांडे, लक्ष्मण यादव, छोटू कुमार मोदी, सनी कुमार, दीपक कुमार आदि सैकड़ों लोग शामिल हुए और शोक व्यक्त किए।



सुमित चंद्रवंशी की पुण्य तिथि मनाते लोग

## बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने असहाय व्यक्ति को दिया दीवाली का तोहफा

**अपेम लाइवः बरही**

बरही पूर्वी के जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने बुधवार को एक असहाय व्यक्ति को दीवाली का तोहफा भेंट किया है। मो क्यूम को इस बात की खबर मिली की करियातपुर निवासी लक्षु प्रसाद केशरी की आर्थिक स्थिति सही नही हैं । वह अत्यंत गरीब हैं। इनके बारे में जानकारी मिलते ही उन्होने तुरंत इस असहाय व्यक्ति से मिलने पहुँचे और उनसे मिलकर उन्हें दीवाली के तो. हफा में 5000 रुपया भेंट किया। मौके पर अरुण जयसवाल, टिंकू केशरी, महेश केशरी, हीरालाल एवं किट्टू कुमार मुख्य रुप से मौजूद थे।




आर्थिक सहयोग प्रदान करते मो क्यूम

APEM LIVE

आज का पचाड्ग----
आज का अंग्रेजी दिनांक---04.11.2021
शुभसंवत् :---2078द्धआनंदत्र
शके:---1943
याम्यायन याम्यगोलरु
ऋतु---शरद
माह:---कार्तिक
पक्ष:---— कृष्ण पक्ष
तिथि:---अमावस्या तिथि
दिन---गुरुवार
नक्षत्र---चित्रा नक्षत्र दिन 08:12 तक उपरांत स्वाति नक्षत्र
योग---प्रीति
करण---च
सूर्योदय ---प्रातः 06:30
सूर्यास्त संध्या 05:30
सूर्य ---तुला राशि में
चंद्रमा ---तुला राशि में
आज का राहूकाल दिन---01:30 बजे से दिन:---03:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट)---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नहीं करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है।



आलेखः-
संदीप शर्मा
वास्तु,कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर
इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल सीसीए के तहत रंगोली निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइवः बरही**

सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोईया धमना में दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर आज के सीसीए के तहत रंगोली निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें कक्षा 6 से कक्षा दसवीं तक के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने इनके कुशल निर्देशन में रंगों को अति सुंदर तरीके से अपने मनोभावों को रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार ने बताया कि हमारा विद्यालय बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए कृत संकल्प है। साथ ही साथ हमारी शिक्षण पद्धति के द्वारा बच्चों के अंदर उनके संस्कार को सही दिशा देने का काम करती है। रंगोली हमारी प्राचीनतम सभ्यता का प्रतीक है। हमारे यहां अतिथियों के स्वागत के लिए द्वार पर सुंदर रंगोली का निर्माण कराने की परंपरा रही है। साथ ही साथ त्यौहार और शुभ मुहूर्त के अवसर पर अपने इष्ट देवों के स्वागत हेतु रंगोली निर्माण होती रही है।प्राचार्य ने बताया कि रंगों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए दिखाया है कि रंगों का बेहतर चुनाव करके मनोहरी दृश्य किस तरह से प्रकट किये जा सकते हैं। विद्यालय के निदेशक टुकलाल साव ने बताया कि बच्चों ने अपने मन के भावों को रंगों के माध्यम से प्रकट किया है। उन्होंने बच्चों को और भी बेहतर तरीके से रंगोली निर्माण की प्रक्रिया बताएं। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे दिवाली के अवसर पर अपने अपने घरों में भी सुंदर रंगोली का निर्माण करें।इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। विद्यालय के सलाहकार राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सीसीए के अंतर्गत इस तरह के कार्यक्रम सदैव होते रहना चाहिए ।इसके लिए सीसीए इंचार्ज विभा शर्मा से इस तरह कार्यक्रम करवाने के लिए प्रेरित भी किया। विद्यालय के प्राचार्य महोदय ने शिक्षकों को इस तरह के कार्यक्रम मैं बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद दिया । उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के मनोभाव को प्रकट करने में महत्वपूर्ण साबित होंगे। इस प्रकार की कला बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने में सहायक सिद्ध होगी। विजेताओं में प्रथम स्थान आठवीं कक्षा के अंशु ग्रुप, सातवीं कक्षा के कृष्णा ग्रुप और नौवीं क्लास के सोनाली ग्रुप ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर क्लास नौवीं के श्रुति गुरु और तृतीय स्थान दसवीं कक्षा के शाहिस्ता और हसनैन ग्रुप इसके अलावे अच्छे रंगोली बनाने में अनुष्का ग्रुप चांदनी ग्रुप और नैंसी ग्रुप जिन्होंने जल बचाओ और विद्या दायिनी सरस्वती मां का सचित्र निरूपण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सलाहकार राजेंद्र प्रसाद सीसीए विभाग की शिक्षिका विभा शर्मा, डिंपल कुमारी, श्वेता राजलक्ष्मी, अजय कुमार, राहुल कुमार, नरेश कुमार, इत्यादि शिक्षकों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में अनुष्का कुमारी, सोनम परवीन, नैंसी कुमारी, सुमन कुमारी, चांदनी कुमारी, चाहत परवीन, सीता कुमारी, जिब्रेल अंसारी, लक्ष्मी कुमारी, अनिका कुमारी, शिवांगी राजलक्ष्मी, सोनाली कुमारी, सलिना परवीन, आरती कुमारी, कृष्णा कुमार, कुणाल कुमार, सोनाली कुमारी, अंशु कुमारी, शाहिस्ता परवीन, मो हसनैन, रंजन कुमार, करीना कुमारी, आशीष कुमार, श्रुति कुमारी, नेहा कुमारी, सोनाली कुमारी, रोशनी कुमारी आदि शामिल हैं।



रंगोली बनाती सेंट्रल मिशन स्कूल की बच्चियां

## राज आर्यन प्रोडक्शन के बैनर तले बरही के छट घाट जायेब एल्बम की हुई शूटिंग

**अपेम लाइवः बरही**

बरही जवाहर घाट परिसर एवं तिलैया जलाशय के किनारे में राज आर्यन प्रोडक्शन के बैनर तले छठ गीत की विडीयो की शूटिंग की गई। बरही के छठ घाट जाऐब एलबम में बतौर आर्टिस्ट विकास विश्वास एवं जूही शर्मा मुख्य भूमिका में हैं इसके अलावे इस गीत को गाया है स्थानीय सिंगर विकास कुमार ने। इसके अलावे इस एलबम में रोहित शर्मा, सिंगर विकास कुमार, म्यूजिक दिवाकर मिश्रा, डायरेक्टर राज आर्यन उर्फ छोटी, कैमरामैन रवि उर्फ विमल राय की अहम भूमिका रही हैं। एलबम वीडीयो की शूटिंग की शुभारंभ अपेम चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार एवं अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने किया। इस एलबम में सहयोगी के रुप में अमित कुमार राज, जय राणा, साइड आर्टिस्ट के रूप में रानी कुमारी, काजल कुमारी, राखी कुमारी, मंजू शर्मा, आनंद कुमार, रवि कुमार, उदय कुमार, नीतीश कुमार, रजक कुमार, रुपेश कुमार, राहुल कुमार, विनोद कुमार, सोनू कुमार, सौरभ कुमार, जय कुमार आदि ने भी अपनी भूमिका निभाई है। एलबम के बाबत राज आर्यन उर्फ छोटी ने बताया कि वीडीयों कीशूटिंग पूरी हो चुकी है। जलद ही छठ पूजा के पहले ही वीडीयों की लॉचिंग की जाएगी। इस भक्ति वीडीयों में रांची की जूही, एवं बरही के कोरियोग्राफर विकास विश्वास भुख्य भूमिका अदा की है। वही अन्य स्थानीय कलाकार भी अपनी सहभागिता निभाई हैं ।



शूटिंग का का मनारेम दृष्य 1



शूटिंग का का मनारेम दृष्य 2




# विभिन्न पंचायतों में सोना सोबरन योजना के तहत विधायक ने किया धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण



धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण करते विधायक उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखण्ड अंतर्गत खोडाहर, गौरियाकरमा, केदारुत, बरही पूर्वी व पश्चिमी सहित अन्य पंचायतों में सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत धोती साड़ी व लुंगी का वितरण हुआ। उक्त पंचायतों के विभिन्न जन वितरण प्रणाली के दुकानों में धोती साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्रमुख मंजू देवी, उप प्रमुख सिकन्द्र राणा, कांग्रेस जिला महासचिव सह विधायक प्रतिनिधि बिनोद कुमार यादव, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी बरही विधानसभा डo निजामुदीन अंसारी, बासुदेव यादव, एमओ आजाद सिंह उपस्थित रहे। मौके पर मुखिया छोटन ठाकुर, कांग्रेस युवा प्रकोष्ठ प्रखण्ड अध्यक्ष अमित जयसवाल, मनोहर यादव, कुणाल कतरियार, नरेश सिंह, सुनील चंद्रवंशी, सुनील साव, हरि गुप्ता, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## धनतेरस,दीपावली, छठ पूजा, भैया दूज एवं चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर चंदवारा पूर्वी भाग के योग्य, युवा कर्मठ एवं भावी प्रत्याशी विकास कु0 दास की ओर से चंदवारा वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं ।



हमारा विजन

चंदवारा पूर्वी भाग में

1. शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक व बिजली की व्यवस्था,
2 स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिला सशिक्तकरण पर जोर
3.किसानों के लिए सिंचाई की व्यवस्था
4.युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था,
5.पेयजल आपूर्ति के लिए नल जल की व्यवस्था
6.स्थानीय स्तर पर खेल एवं खिलाडियों को बढावा
7.लघु एवं कुटीर उद्योग का बढावा



विकास कुमार दास
जिप प्रत्याशी,चंदवारा पूर्वी भाग

सेवा ही संकल्प

कृष्णा यादव
निवेदक
चंदवारा पूर्वी भाग

APEM LIVE सच का साथी

एक बार विश्वास करें

वायदा ही नही, इरादा भी है

प्रसारित

निवेदकः चंदवारा पूर्वी भाग की जनता

## धनतेरस,दीपावली, छठ पूजा, भैया दूज एवं चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर बरही पूर्वी पंचायत के योग्य, शिक्षित,कर्मठ एवं भावी मुखिया प्रत्याशी श्रीमती आभा सिन्हा की ओर से बरही वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं ।



हमारा विजन

बरही पूर्वी पंचायत में

1.आम सभा करवाकर सरकारी योजनाओं का चयन एवं कियान्वयन
1.शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक व बिजली की व्यवस्था,
2.स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिला सशक्तिकरण पर जोर
3.बस पडाव चालू करवाकर स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
4. पूरे पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना प्राथमिकता
5.पेयजल आपूर्ति के लिए नल जल की व्यवस्था
6.बरही धनबाद रोड में परमानेंट स्वच्छता की व्यवस्था



श्रीमती आभा सिन्हा
भावी मुखिया प्रत्याशी
बरही पूर्वी पंचायत

सेवा ही संकल्प.

श्याम कु0 सिन्हा
समाजसेवी
बरही, पूर्वी पंचायत

APEM LIVE सच का साथी

एक बार विश्वास करें

विश्वास पर खरा उतरूंगी

प्रसारित

निवेदकः बरही पूर्वी पंचायत की जनता.

## कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून की ओर से धनतेरस, दीपावली, छठ पूजा, भैयादूज एवं चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,
शुभ दीपावली



रामदेव साव



सुभाष पासवान



मंटु सिंह



कुनाल कतरियार



बिनोद कुमार



टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

## दीपावली, छठ पूजा, भैया दूज एवं चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर बरही मध्य भाग के योग्य, कर्मठ एवं भावी प्रत्याशी श्रीमती बिमला देवी की ओर से बरही वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं ।



हमारा विजन

बरही मध्य भाग में

1. शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक व बिजली की व्यवस्था,
2 स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिला सशिक्तकरण पर जोर
3.किसानों के लिए सिंचाई की व्यवस्था
4.युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था,
5.पेयजल आपूर्ति के लिए नल जल की व्यवस्था
6.स्थानीय स्तर पर खेल एवं खिलाडियों को बढावा
7.लघु एवं कुटीर उद्योग का बढावा



श्रीमती बिमला देवी
जिप प्रत्याशी, बरही मध्य भाग

सेवा ही संकल्प

रामचंद्र यादव
समाजसेवी
बरही, मध्य भाग

एक बार विश्वास करें

विश्वास पर खरा उतरूंगी

प्रसारित

निवेदकः बरही मध्य भाग की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# चौपारण जिला परिषद भाग 2 के योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबों का मसीहा, भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह। जानिए इनके बारें में.



मनोज कुमार सिंह, जिप प्रत्यशी, चौपारण भाग 2

## पारिवारिक पृष्ठभूमि

नामः मनोज कुमार सिंह
पिताः स्व रामलखन सिंह
निवास स्थानः कुतलू
पंचायतः जगदीशपुर
जिला परिषद क्षेत्रः चौपारण भाग 2
पेशाः व्यवसाय एवं समाजसेवा

## राजनीतिक व समाजिक पृष्ठभूमि

राजनीतिक

1. भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य,
2. भाजपा झारखंड सेल अध्यक्ष, मुंबई,

सामाजिक

1. झारखंडवासी महाराष्ट्र युवा मंच कोर कमेटी अध्यक्ष

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1.चौपारण के प्रवासी मजदूरों के लिए चौपारण क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्थ करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. चौपारण में स्नातक स्तर का कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना ।
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं चौपारण में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना ।
9. किसानों के खेतो तक सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था करना ।
10.कुंभकार भाईयों सहित सभी तमरह के कारीगरों को प्रशिक्षण की व्यवस्था कर स्वरोजगार से जोडना ।

## चौपारण भाग 2 के भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह के द्वारा किए गए कार्यों की कुछ झलकियां, जनता का समर्थन, अर्शीवाद से बदलेगा चौपारण की तस्वीर ..



बच्चो एवं महिलाओं के बीच छतरी का वितरण करते मनोज कु सिंह



प्रवासी मजदूर का शव का भिजवाते मनोज कुमार सिंह



बच्चों के बीच पुस्तक वितरण करते मनोज कुमार सिंह



खिलाडियों को सम्मानित करते मनोज कुमार सिंह



ईद मिलादून्नबी की मुबारक बाद देते मनोज कुमार सिंह



ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते मनोज कुमार सिंह



महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते मनोज कु सिंह



सहयोगियों के साथ स्वरोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



युवाओं के साथ रोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



अपनी विचार व्यक्त करते मनोज कुमार सिंह



ट्रॉफी देते मनोज कुमार सिंह



कृषि चौपाल लगाते मनोज कुमार सिंह

निवेदकः प्रमोद सिंह, समाजसेवी, चौपारण जिला परिषद भाग 2

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## दीपावली, छठ पूजा, चित्रगुप्त पूजा के पावन अवसर पर अपेम लाइव परिवार की ओर से आप सभी अपेम लाइव पाठकों को हार्दिक शुभकामनाए ।



कपिल केशरी, प्रबंध निदेशक

डॉ अनिल कुमार, प्रबंध निदेशक

बरही पश्चिमी भाग के जिला परिसद सदस्य के भावी उम्मीदवार रिंकू देवी पति बद्री यादव ने ठाना है।

--------------------------------

बरही पश्चिमी भाग को आदर्श जिला परिसद बनाना हे।







# आरएसएस बरही इकाई ने किया कोनरा तुरी टोला में दीप, धूप, तेल बत्ती का वितरण

## सामाजिक समरसता का प्रतीक है दीपोत्सव दीपावली : त्रिवेणी साहू

**अपेम लाइवः बरही**

चलो जलाएं दीप वहां, जहां अभी भी अंधेरा है चलो जलाएं दीप वहां जहां अभी भी अंधेरा है , इस कथन को चरितार्थ करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा बुधवार को तुरी टोला में धूप, दीप, तेल और बत्ती का वितरण किया गया और सामा. जिक समरसता का परिचय दिया । इस कार्यक्रम के तहत तुरी टोला के लोगो को दीपावली का महव से अवगत कराते हुए मिट्टी का दीया जलाकर दीपावली मनाने की अपील की। सभी के घरों में दीपावली की खुशी हो इसी उद्देश्य से वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवस्त परउत्तर पूर्व क्षेत्र सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू ने कहा कि दीपावली खुशियों का पर्व है। लेकिन जब खुशियां अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तभी असल मे दीपावली मनाने की सार्थकता सिद्ध होगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उत्तर पूर्व क्षेत्र सह सेवा प्रमुख श्री त्रिवेणी साहू जी, जिला सह सेवा प्रमुख राजेश केसरी जी,खंड कार्यवाह प्रभु राणा एवं व्यवस्था प्रमुख बलराम केसरी जी, शारीरिक प्रमुख शीतल जी, बरही मंडल प्रमुख राहुल राणा (दिलीप), कोनरा मंडल प्रमुख पिंटू केसरी जी एवं सतेंदर सिंह, राजकुमार जी,पमपम जी,प्रशांत केशरी जी आदि सवयंसेवक ने सहयोग किया।




धूप दीप, तेल बत्ती का वितरण करते कोनरा तुरी टोला में आरएसएस के लोग



धूप दीप, तेल बत्ती का वितरण करते कोनरा तुरी टोला में आरएसएस के लोग

# दीपावली के शुभअवसर पर आस्था पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ रंगोली कार्यक्रम,

## बच्चो ने बनाई एक से बढ़कर एक रंगोली

**अपेम लाइवः बरही**

आस्था पब्लिक स्कूल चंदन नगर, करियातपुर में दीपावली, धनतेरस के शुभ अवसर पर विद्यालय की ओर से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र–छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग हिस्सा लिया।। स्कूल के निद. ेशक सह प्रधानाध्यापक सकलदेव यादव ने सभी बच्चों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिए और उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। आस्था पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सकलदेव यादव ने कहा कि इस तरह का आयोजन सेबच्चों में क्रियेटि. विटी विकसित होती है। बच्चों के बीच अच्छी रंगोली बनाने का भाव उत्पन्न होता है। हमारा प्रबंधन बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए संक. ल्पित है। कार्यक्रम का निर्देशन सरफराज अंसारी,, तमन्ना मैम एवं संतोष कुमार ने किया।. कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र–छात्राएं अंजली कुमारी, संगम कुमारी ,पूनम कुमारी ,रोहित कुमार, शहनाज परवीन , सारा हायत, अनुराग कुमार, पुष्पा कुमारी एवं सभी विद्यार्थीयों की सहभागिता रही।



रंगोली बनाते बच्चे

# दीपावली पर नवोदय पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियो. गिता का आयोजन, मोर आकृति को मिला पहला स्थान

**अपेम लाइवः बरही**

नवोदय पब्लिक स्कूल साधनापुरी बरही में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चे उत्साह पूर्वक रंगीली बनाकर अपनी प्रतिभा को साबित किया। बच्चो कर द्वारा अनेकों प्रकार का चित्रांकन किया गया। इनमे मोर आकृति वाला रंगोली को प्रथम स्थान मिला। फूल के साथ दीपक वाला रंगोली को द्वितीय तथा वृत्त वाला रंगोली को तृतीय स्थान मिला। इस रंगोली प्रतियोगिता में अनीमा कुमारी, सुनीता कुमारी, सबीना खातून ,आयशा सिद्दकी,अनिता कुमारी, तानिया कुमारी, रिशु कुमार यादव, ऋषभ कुमार यादव, सोनू कुमार यादव ,अभिषेक कुमार यादव, आर्यन कुमार यादव, संस्कार कुमार राणा ,अंकित कुमार यादव, सचिन कुमार यादव, दीप्ति आनंद, अंचल कुमारी, सलोनी कुमारी, सोनम कुमारी, करीना कुमारी, श्रुति कुमारी, आरव कुमार आदि ने भाग लिया इस प्रतियोगिता का निर्णायक परिणाम घोषित करने में प्राचार्य सुधीर चंद्रा, घनश्याम एवं मोनिका कुमारी आदि ने सहयोग किए । बच्चो को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली खुशियों का त्योहार है। आपस मे भाईचारगी के साथ माननी चाहिए। स्कूल में इस तरह का कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चो में छुपी प्रतिभा को सामने लाना है।



रंगोली बनाते नवोदय पब्लिक स्कूल के बच्चे

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## रेन्बो स्कूल बरही में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, सातवी कक्षा की छात्राएं बनी विजेता

### शिक्षा के साथ कला की प्रतिभा बढ़ाना हमारा उधेश्य : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा

अपेम लाइव : बरही



सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा



रंगोली के साथ छात्राएं



पुरस्कर के साथ सातवी कक्षा की छात्राएं

बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में स्थित रेनबो स्कूल बरही में दीपावली पर्व को लेकर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छठवीं से नवम तक के बच्चों ने भागीदारी ली। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने आकर्षक व प्रेरक रंगोली बनाकर कला व अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। बच्चों ने अलग-अलग विषयों पर रंगोली बनाकर समाज को संदेश देने का प्रयास किया। जिसमें बेटी बचाओ, लिंग भेद, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों को रंगोली के माध्यम से प्रमुखता से उकेरा। जज की भूमिका निभा रहे सरिता कुमारी, उषा कुमारी, पूजा कुमारी, सुधा कुमारी ने बच्चों के प्रतिभा की सराहना की। बच्चों ने विभिन्न रंगों, दीपों व फूलों से रंगोलियों को अनोखा रूप देकर अनुशासन, स्वच्छता व सहयोग आदि गुणों का परिचय दिया। इस अवसर पर निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि रंगोली हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसे आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों में रंगोली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ कला का भी ज्ञान होना जरूरी है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों के अंदर छुपी कला की प्रतिभा का भी ज्ञान होता है तथा बढ़ावा मिलता है। प्रतियोगिता में सफल आयोजन में शुभम कुमार और स्कूल कप्तान सुधीर कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में कक्षा सातवी की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सफल समूह को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं में सुलेखा कुमारी, पूजा कुमारी, भावना कुमारी, मधु कुमारी एवं आरती कुमारी शामिल रही। मौके पर शिक्षको में गौरीशंकर, शुभम कुमार, राहुल सिंह, खुशबू कुमारी, स्वेता कुमारी, रिफ्फत, रिंकी कुमारी, रानो कुमारी, सरिता कुमारी, सुधा

## आया त्योहारों का दौर अब शुरू हुवा बधाइयों का शोर

### बैनर पोस्टर से पटेगा व्हाट्सअप ग्रुप, चौक चौराहों पर चिपका शुभकामनाओ का बैनर

अपेम लाइव :चौपारण




पंचायत चुनाव अपने चुनावी माहौल में बिल्कुल ढलता जा रहा है। प्रसाशन द्वारा भी चुनाव की तैयारियां जोर शोर से चल रहा है। महज निर्वाचन आयोग द्वारा तारीखों का ऐलान करना बाकी है। ऐसे में जिला परिषद, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य के भावी उम्मीदवार अभी से अवसर ढूंढ अपने लिए प्रचार प्रसार करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। चुनावी मौसम में त्योहारों का भी उम्मीदवारो के लिए महत्व बढ़ जाता है। वोटरों को रिझाने के लिए उम्मीदवार अभी से आगामी त्योहारों का शुभकामनाएँ देना शुरू कर दिए है। व्हाट्सअप ग्रुप में पोस्टर भी दौड़ने लगा और चौक चौराहों पर बैनर पोस्टर भी लगने लगा। शुभकामना तो बहाना असल मकशद वोटरों को है रिझाना। दबे जुबांन से लोग तो ये भी कहते नही थकते की जीवन मे कभी भी शुभकामनाएँ नही दिया लेकिन चुनाव आते आते सभी उम्मीदवार जनता को त्योहारों का शुभकामनायें देना शुरू कर दिए है। संभावित उम्मीदवार इन शुभकामनाओं के बहाने पंचायतो व जिला परिषद क्षेत्रो में अपनी उपस्थिति भी दर्ज करा रहे है ताकि जनता के लिए आने वाले चुनावों में उम्मीदवार का चेहरा कोई नया नही रहे। हालांकि बहुत ऐसे भी वर्तमान जनप्रतिनिधि या भावी या तय उम्मीदवार है जो प्रत्येक त्योहारों की शुभकामनाएं लोगों को देते रहे है चाहे चुनाव रहे य नही रहे। अब आने वाला चुनाव ही तय करेगा कि त्योहारों में शुभकामनाएँ देकर असल चुनावी त्योहार में इसका लाभ कितना ले पाते है कितना सिर्फ शुभकामनाओं तक सीमित रहे जाते है।

## दीपावली और छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

अपेम लाइव : बरकट्ठा




शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोग

थाना परिसर में मंगलवार को दीपावली और छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ कृति बाला लकड़ा व संचालन थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने किया। मौके पर मुख्य रूप से अंचल अधिकारी श्री कांत लाल मांझी, पुलिस निरीक्षक अमित कु० लकड़ा, चिकित्सा प्रभारी ड०० रजनी कांत, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, सुरेंद्र साव शामिल थे। बीडीओ ने दीपावली पर्व को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।वहीं सोशल मीडिया में अफ़वाहों से भी दूर रहने की हिदायत दी गई। इस अवसर पर मुखिया प्रति. निधि सतीश सिंह, कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, दर्शन सोनी, रामेश्वर यादव, पंसस दिनेश प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद, विजय पा. सवान, खलील अंसारी, रीतलाल प्रसाद, इन्द्रजीत प्रसाद, अशोक गुप्ता, इसराइल अंसारी, महेश मंडल, यमुना साव, मुमताज अंसारी, भोला राम, महेश मंडल समेत सैकड़ो लोग शामिल थ. `देकर विजय घोषित करेंगे।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के पूर्व छात्र शुभम कुमार ने नीट में पाई सफलता

अपेम लाइव : बरही



शुभम कुमार

भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के पूर्व छात्र शुभम कुमार पिता मनोज चंदवंशी ग्राम टिट्ही, सिंगरावा, हजारीबाग ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा (छम्म्ज) में सफलता प्राप्त किया है। विद्यालय प्रबंधन ने भैया शुभम को बहुत बहुत बधाई एवं शुभ मंगलकामनाएं दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि भैया शुभम कुमार छात्र जीवन में ही मेधावी एवं अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक थे। उन्होंने परिश्रम के बल पर सफलता प्राप्त किया। उनके सफलता पर आचार्य परिवार चंद्र मोहन मिश्र, संजीव कुमार सिंह, मनीष कुमार सिन्हा, सुरेंद्र मंडल, पिंस रवि शंकर प्रियदर्शी, पुष्पलता कुमारी, अंशु कुमारी सिंह, जूली कुमारी, राखी कुमारी, मनोज कुमार सिंह, लिकेश्वर राणा, अभय कुमार सिंह, अमित कुमार झा, अमृता देवनाथ, सुनील कुमार महतो, विनोद कुमार सिंह, विनोद राम, ममता कुमारी, प्रियंका भारती, धीरज कुमार, मुकेश कुमार अरुण कुमार झा, सुनीता कुमारी, गुडविल सिंह, रेशमी कुमारी,आदि ने उनके सफलता पर प्रसन्. नता व्यक्त किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। विद्यालय के अध्यक्ष गुरु देव कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव उमेश प्रसाद आदि ने बधाई दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

## मांडू विस के हरेक स्कूलों को दी जाएगी पुस्तकों की सौगात

अपेम लाइव : विष्णुगढ़
मिथिलेश गोल्डी



खरना उउवि में शिक्षक को पुस्तक सौंपते विधायक जेपी पटेल

मांडू विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल विस क्षेत्र अंतर्गत सभी स्कूलों में एक लाख रूपए की राशि से पुस्तकों की सौगात की घोषणा की है। बुधवार को वे विष्णुगढ़ के खरना स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में यह बातें कही। कहा कि छात्र हित में वे हमेशा चिंतनशील हैं। अपने पिता स्व. टेकलाल महतो के सपनों को साकार करने की कोशिश में जुटा हूं। पिता स्व. टेकलाल महतो सभी युवाओं को शिक्षित देखना चाहते थे। विद्यालयों को दी जाने वाली पुस्तकों से अध्ययनरत छात्र-छात्राओ को अच्छी जानकारी हासिल होगी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सु. विधा होगी। इन पुस्तकों का अध्ययन कर विद्यार्थी सफल होकर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। मौके पर उन्होंने कुछ पुस्तको को खरना उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक चिंतामणि प्रसाद को सौंपा। इसके बाद वे खरना में तय कार्यक्रम के तहत बुढ़वाडीह में अधिस्थापित 100 केबीए के नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। कहा कि नए प्रयास एवं प्रयत्नों से क्षेत्र की हरेक जनसमस्याओं के निष्पादन का प्रयास करूंगा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, गुलाब शंकर महतो, पंचम महतो, अशोक भाई पटेल, जीवन सोनी, राजेश सोनी, तिलेश्वर महतो, विरेन्द्र महतो, नुनुचंद महतो, प्रीतम महतो, तिलक महतो, राजेन्द्र महतो समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## पूर्व मुखिया निजाम ने जनता से मांगा आशीर्वाद, मिला समर्थन

अपेम लाइव : बरकट्ठा



निजाम अंसारी

शिलाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया निजाम अंसारी ने जनता से आशीर्वाद मांगे है। उन्होंने बताया कि जनता ने मौका दिया तो विकास की गंगा बहा दिया जाएगा। इस दौरान पूर्व मुखिया ने बताया कि क्षेत्र में बने शौचालय गड़बड़ी, पीएम आवास से वंचित वर्तमान मुखिया से रहें। इस बार जनता ने मुझे चुनने का काम किया है। में जनता का हर सुख दुःख में रहूंगा, जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास रहेगा। इस दौरान जनता ने भरपूर समर्थन का भरोसा दिया। जनता ने कहा कि पूर्व मुखिया ने विकास व जनता के हर सुख दुःख में हर संभव मदद किया है। हम सभी जनता पुनः निजाम अंसारी को वोट देकर विजय घोषित करेंगे।



दिनांकः 03-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## कोरियाडीह छठ पूजा समिति का हुआ गठन, प्रमोद प्रसाद बने अध्यक्ष

**अपेम लाइव : बरही**



समिति गठन में शामिल लोग

बरही प्रखण्ड अंतर्गत कोरियाडीह छठ घाट पर पूर्व मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद के अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में छठ पूजा के सफल आयोजन को लेकर एक समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वस. हमति से कोरियाडीह छठ पूजा समिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, सचिव राजेश प्रसाद एवं कोषाध्यक्ष राजू प्रसाद को बनाया गया। इस बाबत सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि लोक आस्था का महापर्व छठ काफी हर्षोल्लास के साथ भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा। मौके पर राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, बिनोद प्रसाद, दामोदर प्रसाद वर्मा, अजित प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, राजू प्रसाद, विजय प्रसाद, मोहन प्रसाद, मनोज कुमार, अशोक प्रसाद, पंकज प्रसाद, राजू प्रसाद, दिनेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, लोकेश प्रसाद, देवनन्द प्रसाद, किशोर प्रसाद, किशोर प्रसाद, सतीश कुमार, संतोष प्रसाद, चंदन कुमार, पप्पू कुमार, बिरेन्द्र प्रसाद, विनय कुमार, राहुल कुमार, संतोष प्रसाद, सुनील कुमार, सुरेश कुमार भुइँया, रोहित कुमार, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मध्य विद्यालय सेलहारा में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव :चौपारण**



रंगोली के साथ बच्चे व शिक्षक

दीपावली के पूर्व कार्य दिवस पर बच्चों की कलात्मक प्रतिभाओं को उभारने के उद्देश्य से मध्य विद्यालय सेलहारा में रंगोली बनाओ एवं सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स बच्चों ने अपने-अपने समूह के साथ आकर्षक रंगोली का निर्माण कर उसमें रंग भरा स स्टेट रिसोर्स पर्सन जनार्दन प्रसाद वर्मा ने कहा कि ऐसी प्रतियो. गिताओं के आयोजन से बच्चों में सृजनात्मक कला का विकास होता है स प्र.अ.रामखेलावन रविदास ने कहा कि बच्चे ऐसे कार्यक्रमों में काफी रुचि लेते हैं स मौके पर गुजरात से रिसर्च के क्रम में पहुंची रिसर्च फेलो कृति पोद्दार एवं श्रेया सिंह ने बच्चों की प्रतिभा देखकर बच्चों एवं विद्यालय परिवार की प्रशंसा कर उत्साह वर्धन किया स विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष उदय राम , प्रधान प्रति. निधि अर्जुन रजक, समा. जसेवी नीरज सिंह ने रंगोली का अवलोकन कर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए विद्यालय परिवार की सराहना की स रंगोली प्रतियोगिता के आयोजन में विद्यालय के शिक्षक जन्मेजय सिंह, बिजय कुमार,राजेंद्र रविदास, विजय प्रसाद,राकेश कुमार सिंह,डैजी कुमारी,सिंह रंग. ीना कुमारी एवं रामचंद्र साहु की भी सराहनीय भूमिका रही स

## दीपावली की पूर्व संध्या पर भामाशाह स्कूल में रंगोली प्रतोयोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**




दीपावली की पूर्व संध्या पर भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में तोरण बनाओ और रंगोली प्रतियो. गिता का आयोजन किया गया। जिसमें शिशु वर्ग , बाल वर्ग और किशोर वर्ग के भैया-बहनों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृ ष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहनों को पुरस्कृत भी किया गया। किशोर वर्ग के रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू और खुशी (10ब) द्वितीय स्थान शीतल व प्रिया (8ब) एवं तृतीय स्थान सुप्रिया व नंदनी (9ब) को दिया गया।बाल वर्ग के रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोनाली व रोशनी (6ब) द्वितीय स्थान बुलबुल व माही (7 ब) तृतीय स्थान निशु व उर्वशी (7 ब) को संयुक्त रूप से दिया गया । शिशु वर्ग तोरण बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी केशरी (4अ), द्वितीय स्थान आरोही निषाद (3अ), आरुषी झा (3ब) और सिद्धि केशरी (4अ) एवं तृतीय स्थान कोमल (4ब) को मिला। प्रतियोगिता के शिशु वर्ग में अंशु जी , पुष्पलता जी बाल वर्ग में नेहा जी, सविता जी तथा किशोर वर्ग में गुडविल जी व राखी जी की निर्णायक के रूप में भूमिका रही। आचार्य श्री सुनील कुमार महतो ने कहा कि रंगोली धार्मिक सांस्कृतिक आस्थाओं की प्रतीक रही है। इसको आध्यात्मिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण अंग भी माना गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि हर्ष और प्रसन्नता का प्रतीक रंगोली रंगमयी अभिव्यक्ति है। ये हमारी सांस्कृतिक भावनाओं को साकार करने में महत्वपूर्ण साधन माने जाते हैं। इस कार्यक्रम का संचालन रश्मि कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन चंद्र मोहन मिश्र के द्वारा किया गया।

## कार्यकारी निदेशक एमबीआर रेडी ने लाभार्थियों के बीच भवन का चाबी सौंपा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



लाभार्थी को चाबी सौपतें ईडी एम बी आर रेडी

एनटीपीसी ने समुदायों की बेहतरी और भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में, खनन और औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र से सटे ढेंगा में बड़कागांव ब्ल०क के प्रमुख स्थान पर एक पुनर्वास कॉलोनी की स्थापना की है। पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना (पीबीसीएमपी) के परियोजना विस्थापित परिवारों की आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, कॉलोनी का निर्माण लगभग 205 एकड़ के विशाल परिसर में किया गया है। 223 करोड़ के लागत से बने एस परिसर में अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित 1199 घरों को तैयार किया गया है। परिसर के भीतर प्ले स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, सड़क और ड्रेनेज नेटवर्क, बिजली और ओवर हेड टैंक आधारित जल आपूर्ति और सीवेज उपचार संयंत्र जैसी कई सुविधाएं प्रदान की गई हैं। एनटीपीसी जिला प्रशासन के सहयोग से उचित आवंटन प्रक्रिया प्रदान करने और विस्थापित परिवारों के नाम पर मकानों का पंजीकरण कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। एनटीपीसी परियोजना के विस्थापित परिवारों को आवास इकाइयां उपलब्ध कराने के लिए संकल्प दस्. तावेज़ के अनुसार सभी दिशा-निर्देशों का पालन कर रही है। विस्थापित परिवारों के प्रति सद्भावना के रूप में, पंजीकरण की पूरी लागत और स्टाम्प शुल्क एनटीपीसी द्वारा वहन किया जा रहा है। मंगलवार को उपस्थित पीबीसीएमपी ईडी, एम. वी. आर रेड्डी, महा प्रबंधक नीरज जलोटा (परियोजना) एवं आर एंड आर विभाग के अपर महा प्रबंधक एम. श्री राम और उपमहाप्रबंधक राज किशोर महतो ने लाभार्थियों को घर की चाभी सौंपी । डाड़ीकला गाँव के निवासी जयनंदन सिंह, कुमारी सुमन सिंह, सुनील कुमार सिंह, मनीषा सिंह लाभार्थियों में शामिल रहे। ईडी, पीबीसीएमपी ने लाभार्थियों को जीवन का एक नया तरीका चुनने के लिए बधाई दिया और सभी विस्थापित परिवारों को आर एंड आर कॉलोनी में रहने और हजारीबाग में अपनी तरह की सुविधाओं का लाभ उठाने का अनुरोध किया।आने वाले दिनों में, एनटीपीसी अपने प्रमुख हितधारकों के जीवन स्तर में सुधार के लिए इसे हजारीबाग में एक मॉडल आर एंड आर कॉलोनी बनाने की उम्मीद करता है।

## नीट में सफल होकर श्रुति ने बढ़ाया विष्णुगढ़ का मान

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



श्रुति को मिठाई खिलाते परिजन

प्रखंड के खरना पंचायत के बारा की रहने वाली बेटी श्रुति सुमन ने मेडिकल की पढ़ाई के लिए आयोजित नीट की परीक्षा में 720 अंकों की परीक्षा में 691 अंक लाकर विष्णुगढ़ का मान बढ़ाया है। श्रुति सुमन का अ०ल इंडिया रैंकिंग 372वां है। श्रुति उत्क्रमित उच्च विद्यालय खरना के प्रधानाचार्य चिंतामणि प्रसाद की छोटी पुत्री है। माता आरती कुमारी गृहिणी हैं। परीक्षाफल प्रकाशन के बाद सफलता हासिल होने पर परिवार में खुशी का माहौल बन गया। परिजनों एवं लोगों ने मिठाई खिलाकर उन्हें सफलता की बधाई दी। श्रुति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरूजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि माता पिता का प्यार एवं सहयोग से प्रथम प्रयास में सफलता मिली है। योजनाबद्ध एवं धैयपूर्वक तैयारी एवं मेहनत से परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है। चिंतामणि प्रसाद की बड़ी पुत्री स्वाती रानी भी बीते वर्ष नीट में सफल रही है। वर्तमान में वह रिम्स, रांची में एमबीबीएस में तीसरे वर्ष में अध्ययनरत है। वहीं, बेटा नीतिन किशोर भी आ. ईआईटीएन है। वे अभी धनबाद आईएसएम से सिविल इंजिनियरींग कर रहे हैं। उनकी सफलता पर विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, गुरू प्रसाद साव, मुखिया रीना देवी, प्रेमचंद महतो समेत कई शिक्षा. विदों, गणमान्य एवं ग्रामीणों को बधाई दी है।

## नरेन्द्र बने परियोजना उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



प्रभार लेते नरेंद्र कुमार

परियोजना उच्च विद्यालय बनासो के प्रधानाध्यापक बसंत कुमार पांडेय के सेवानिवृत के बाद विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय के शिक्षक नरेन्द्र कुमार को परियोजना उच्च विद्यालय बनासो का प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाया गया है। बुधवार को उन्होने विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर योगदान दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमूल्यचंद्र पांडेय समेत शिक्षकों ने उनके योगदान पर विद्यालय में शैक्षणिक विकास की आस जताई। प्रयाग पासवान, कामेश्वर पांडेय, सुरेंद्रनाथ पांडेय, महंत पांडेय, नकुल पांडेय, श्रीकांत पांडेय, राजकुमार पांडेय, विजय नंदन पांडेय, शशि रंजन पांडेय, दीपचंद महतो ने उनके योगदान पर हर्ष जताया।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित,    एडिटिंग- धनंजय कुमार    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार